प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 30.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कीं

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा–सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने की दिशा में काम कर रही हैं

- अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कल राज्य सरकार महिलाओं को कई सौगात देगीं

- राज्य में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर जारी रहा–आज जयपुर और अजमेर संभाग में कई जगह बरसात की संभावनां

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कीं श्री शर्मा ने केन्द्रीय गृहमंत्री को आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक बधाई दीं श्री शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री को राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र की प्रगति और नवाचारों के संबंध में जानकारी दीं उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश में प्रस्तावित सहकार सम्मेलन के लिए श्री शाह को आमंत्रित कियां मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात कीं इस दौरान श्री शर्मा ने प्रदेश में ड्रेनेज विकास, पेयजल उपलब्धता, मेट्रो विस्तार, सुगम परिवहन सुविधा तथा विभिन्न माध्यमों के जरिए बिजली उत्पादन और आपूर्ति के संबंध में चर्चा कीं उन्होंने जयपुर मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण के लिए संयुक्त उद्यम मॉडल के तहत अनुमोदन प्रदान करने तथा केन्द्रीय सहायता शीघ्र जारी करने पर विस्तृत बातचीत कीं मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से भी मुलाकात कीं

0000

मुख्यमंत्री ने 5 जून को गंगा दशमी के दिन से शुरू हो रहे जल स्वावलंबन पखवाडे से ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुडने की अपील की हैं वे कल चित्तौडगढ के भूपालसागर में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थें उन्होंने खास तौर पर महिलाओं से गंगा दशहरा के दिन गांवों के जलस्त्रोतों पर जाकर जल पूजन करने का आह्वान किया हैं

......

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपने आस–पास के नदी, तालाबों, बावडियों, कुओं और जलाशयों का सफाई अभियान चलाने को कहां उन्होंने पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए भी अनुरोध किया हैं

00000

गृह मंत्रालय कल देश की पश्चिमी सीमा से सटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जिलों में दूसरा नागरिक सुरक्षा अभ्यास ऑपरेशन शील्ड आयोजित करेगां शत्रुतापूर्ण हमले के खिलाफ नागरिक सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए यह अभ्यास किया जाएगां ऑपरेशन शील्ड के दौरान दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों से हवाई हमले, वायु सेना और नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्षों के बीच हॉटलाइनों को सक्रिय करने से संबंधित अभ्यास किये जाएंगें प्रदेश के नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक जगजीत सिंह मोंगा ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट को दिशा निर्देश जारी किये हैं इसके कल शाम राज्य के सभी 41 जिलों में मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट कराया जायेगां

00000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने की दिशा में काम कर रही हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने रबी सीजन में समुचित प्रबंधन कर प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं आने दीं श्री नागर कल जयपुर स्थित विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थें ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ एमओयू किए गए हैं उन्होंने अधिकारियों को इन एमओयू पर जल्द से जल्द काम करने के निर्देश दिए ताकि प्रदेश की भावी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकें श्री नागर ने इस दौरान बजट में घोषित ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा कीं

0000

अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कल जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में समारोह आयोजित किया जायेगां इस राज्यस्तरीय समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शामिल होंगें इस दौरान प्रदेश में महिलाओं को कई सौगात दी जायेगीं पेश है एक रिपोर्ट–

.....

0000

प्रारम्भिक शिक्षा विभाग की ओर से आज पांचवी कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया जायेगां शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर के शिक्षा संकुल से दोपहर साढे बारह बजे नतीजे घोषित करेंगें ये परिणाम विभागीय पोर्टल शाला दर्पण और पीएसपी पर कम्प्यूटर जनरेटेड ग्रेड शीट के माध्यम से ऑनलाईन जारी किया जायेगां गौरतलब है कि ये परीक्षा सात से 17 अप्रैल तक आयोजित की गई थीं परीक्षा में 13 लाख 30 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी पंजीकृत थें

0000

प्रदेश में कल कई स्थानों पर धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश हुईं इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है तथा तीखी धूप और लू से कुछ राहत मिली हैं हालांकि  उसम अभी भी परेशान कर रही हैं भीलवाड़ा, जयपुर, बाड़मेर, जालौर, करौली, सीकर, जैसलमेर सहित अन्य स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुईं करौली के नादौती और गुढ़ाचंद्रजी में आंधी चलने से आसमान में धूल का गुबार छा गया और दृश्यता कम हो गईं हिंडौन सिटी में भी तेज हवा के कारण कई जगहों पर टीन शेड उड़ गएं बाड़मेर में दोपहर बाद मौसम बदला और बारिश हुईं सीकर में आंधी चलीं जैसलमेर के रामदेवरा में शाम को तेज हवा के साथ करीब 15 मिनट बारिश हुईं पाली और आस–पास के क्षेत्रों में आज अल सुबह बरसात हुईं इससे मौसम सुहावना हो गया हैं

....

आज राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर बादल छाये हुए हैं मौसम विभाग के अनुसार आज अजमेर, भीलवाडा, नागौर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, जयपुर, अलवर, टोंक, सवाईमाधोपुर और बूंदी में गरज के साथ हल्की बरसात होने की संभावना हैं

0000

आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस हैं आज ही के दिन देश का हिन्दी का पहला समाचार पत्र उदंत मार्तंड प्रकाशित हुआ थां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस अवसर पर प्रदेश के पत्रकारों को शुभकामनाएं दी हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि हिन्दी पत्रकारिता भारतीय लोकतंत्र की आवाज रही है और सामाजिक चेतना जन जागरण तथा राष्ट्र निर्माण में इसका अतुलनीय योगदान रहा हैं

0000